









# चौरई में जलसंकट गहराया : माचागोरा बांध का पानी सिवनी-नागपुर को, शहरवासी पानी के लिए तरसें




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/चौरई,04 मई. पिछले चार दिनों से चौरई नगर में पेयजल संकट ने हाहाकार मचा रखा है। पेंच नदी सूख चुकी है और शहरवासी आधी रात तक पानी के इंतजाम में जुटे रहते हैं। माचागोरा बांध से छिंदवाड़ा, सिवनी और नागपुर की प्यास बुझाने के बावजूद यहां की जनता को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा।**

जनप्रतिनिधियों की गुहार और ज्ञापन के बाद भी बांध का गेट बंद है। नगरपालिका ने पेंच नदी के सूखने का हवाला देकर हाथ खड़े कर दिए हैं। शहर में जलसंकट की स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि लोग रात के दो-तीन बजे तक टैंकरों का इंतजार करते हैं। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। स्थानीय निवासी अमित शर्मा ने बताया कि पानी के लिए घंटों लाइन लगानी पड़ती है। स्कूलों और अस्पतालों में भी हाहाकार है। माचागोरा बांध से पेंच नदी में पानी छोड़ने की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर और सांसद को ज्ञापन सौंपा है। लेकिन जलसंसाधन विभाग के अधिकारी मौन साधे हैं। तीन दिन से गुहार लग रही है, पर कोई कार्रवाई नहीं। नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि पेंच नदी सूखने से जलापूर्ति प्रभावित हुई है। वे बांध से पानी छोड़ने का दबाव बना रहे हैं, लेकिन विभाग ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया। शहरवासी आश्वासनों से तंग आ चुके हैं।

### रातों रात सिवनी पहुंचा था पानी

पिछले साल सिवनी नगर में जलसंकट की स्थिति बनी थी। तब विधायक मुनमुन राय ने रातोंरात माचागोरा बांध की सिवनी नहर खुलवाकर पानी भीमगढ़ बांध तक पहुंचाया। नहर न होने के बावजूद दबाव में अधिकारियों ने मशीनों से नालों की सफाई कर रास्ता बनाया। माचागोरा में पानी कम होने के बावजूद गेट तब तक बंद नहीं हुआ जब तक सिवनी को पर्याप्त जल न मिल गया। यह वजनदारी चौरई के लिए मिसाल है। क्या सिवनी विधायक का दबाव ज्यादा था या चौरई के प्रतिनिधियों की आवाज कमजोर?

जलसंसाधन विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। माचागोरा बांध चौरई की जमीन पर बना है, फिर पड़ोसी जिलों को प्राथमिकता क्यों? विभागीय अधिकारी ज्ञापन लेते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं करते। चौरईवासियों को लगता है कि उनकी प्यास से कोई वास्ता ही नहीं।

### समाधान की उम्मीद

चौरईवासियों को अब मुनमुन राय जैसे वजनदार नेतृत्व या विभाग की मेहरबानी की जरूरत है। नियमों को दरकिनार कर पेयजल संकट हल किया जा सकता है। कलेक्टर और जलसंसाधन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग तेज हो रही है। यदि शीघ्र पानी नहीं छोड़ा गया तो आंदोलन की चेतावनी दी है। शहर की प्यास कब बुझेगी, यह समय बताएगा।

## पति ने पत्नी को मारी लकड़ी, घायल

**छिंदवाड़ा।** चांद थाना क्षेत्र के परसगांव सर्रा में एक पति ने शराब के नशे में विवाद कर पत्नी का घायल कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार सुकन्या पति धनसु चौरिया उम्र 38 साल परसगांव सर्रा की रहने वाली है। दोपहर को पति ने शराब के नशे के पत्नी से जमकर विवाद किया। विवाद के दौरान उसने लकड़ी का पट्टी उठाकर पत्नी के सिर में दे मारा। इस हादसे में पत्नी को सिर में गंभीर चाटें आई है। परिजन महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री नेताम का छिंदवाड़ा दौरा 6 मई को

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,04 मई. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम 6 मई को जिला सिवनी से प्रस्थान कर शाम 4 बजे जिला छिंदवाड़ा पहुंचेंगे।**

आगमन के बाद वे कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति विभाग की संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक में जिला प्रशासन एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद श्री नेताम शाम 5 बजे सर्किट हाउस छिंदवाड़ा पहुंचकर आम नागरिकों से भेंट करेंगे। शाम 6 बजे वे नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके एवं जनजातीय समुदाय के वरिष्ठजनों से उनके निवास स्थल पर पहुंचकर सौजन्य भेंट करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नेताम शाम 7:30 बजे छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा के ग्राम बांकामुकासा पहुंचेंगे, जहां वे विजय सिंह चंदेल के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे रात्रि 8 बजे बालाघाट के दमोह (बिरसा) के लिए प्रस्थान करेंगे।


संस्कृतम् उद्योग
केमिकल-फ्री उत्पाद। 100% शुद्ध घानी तेल। देसी मिलेट्स (श्रीअन्न)। आयुर्वेदिक उत्पाद।
Cold Press Oil (कोल्ड प्रेस्ड ऑयल)
मूंगफली | जगनी तेल | तिल तेल | नारियल तेल | सरसों तेल | अलसी तेल | काली तिल तेल | निर्गुन्डी तेल दर्द के लिए
स्वास्थ्य का प्राकृतिक समाधान: शतावर, मुसली, अश्वगंधा, तुलसी, अर्जुन, रीठा, मोरिंगा पाउडर
संपर्क करें: 9669555712,9109397935
स्थान: HDFC बैंक के पास, पारसिया रोड, छिंदवाड़ा

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव | मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध। 24/7 Emergency Services
पता:- भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766


## कलेक्टर कार्यालय में हुआ राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत का गायन

**छिन्दवाड़ा.** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज माह के प्रथम कार्यदिवस पर राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत गायन के बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुईं। कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र-गान जन गण मन एवं राष्ट्र-गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया।

## मानक डेसिबल से अधिक ध्वनि करने वाले डीजे और लॉन संचालकों पर होगी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,04 मई. कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम धीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लॉन एवं मैरिज गार्डनों के पास वैध लाइसेंस नहीं हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से सील किया जाए। साथ ही जिन संस्थानों के पास लाइसेंस उपलब्ध हैं, उनसे निर्धारित मानकों के अनुसार ध्वनि नियंत्रण एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे संचालकों एवं आयोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर या डीजे संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**प्रभावी निगरानी के लिए होगा संयुक्त दल का गठन -** कलेक्टर श्री नारायन ने शहर में प्रभावी निगरानी के लिए एक संयुक्त गश्त दल गठित करने के निर्देश दिए। इस दल में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल रहेंगे, जो प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से शहर में भ्रमण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करेंगे। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं 285 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जाएंगे।

**शहरवासियों से अपील -** कलेक्टर श्री नारायन ने छिंदवाड़ा शहरवासियों से अपील की है कि वे ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करें, जिससे आमजन के स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा शहर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे।

## गेहूं उपार्जन केन्द्रों का कांग्रेस की निगरानी समिति ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,04 मई. जिला कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा एवं क्षेत्रीय विधायक चौधरी सुजीत सिंह के निर्देशानुसार किसानों की समस्याओं को केंद्र में रखते हुए चौरई क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित रूप से दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



विगत दिनों से उपार्जन केंद्रों पर किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। माल तुलाई से लेकर सर्वे प्रक्रिया तक विभिन्न स्तरों पर गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है। इसी क्रम में देवरी एवं साजपानी समितियों के अंतर्गत उपार्जन केंद्र बरेलीपार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दौरा कर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने तुलाई में हो रही देरी, सर्वे के दौरान माल के रिजेक्ट होने, तथा स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव की समस्याओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार कर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की साथ आगे भी संपूर्ण उपार्जन प्रक्रिया में सहयोग बनाएं रखने को लेकर आश्वस्त किया।

## कमलनाथ ने बिजली दर वृद्धि और सरचार्ज को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**छिंदवाड़ा,04 मई.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर अहम पत्र सीएम को लिखा है। उन्होंने बिजली दर वृद्धि एवं सरचार्ज के बोझ से जनता को राहत दिलाने का आग्रह प्रदेश की सरकार से करते हुए कहा कि अल्प समय में विद्युत उपभोक्ताओं पर 10 प्रतिशत से अधिक का अतिरिक्त आर्थिक भार डाला गया है जो इस महंगाई के दौर में उचित नहीं है। बिजली दर में की गई वृद्धि व सरचार्ज पर पुन: समीक्षा कर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने हेतु ठोस निर्णय लें। कमलनाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 111 में उल्लेख किया कि प्रदेश के लगभग 02 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। बिजली कंपनियों द्वारा अप्रैल 2026 से बिजली दरों में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी और इसके तुरंत पश्चात मई 2026 से 5.36 प्रतिशत का अतिरिक्त सरचार्ज भी लागू कर दिया गया है।


गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते
भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण
हमारी जनगणना हमारा विकास
जनगणना 2027 का पहला चरण
मध्यप्रदेश राज्य में
मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना
1 मई से 30 मई, 2026
इस चरण में प्रगणक, घर-घर जाकर, मकान संबंधी आवश्यक जानकारी दर्ज करेंगे
आपसे पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न
मकान से संबंधित जानकारी
- फर्श, दीवार और छत की मुख्य सामग्री
- मकान का उपयोग (आवासीय/गैर-आवासीय)
- मकान की स्थिति

परिवार की मूल जानकारी
- परिवार के सदस्यों की संख्या
- परिवार के मुखिया का नाम
- मकान का स्वामित्व
- कमरों की संख्या

मूलभूत सुविधाएं
- पेयजल का स्रोत
- प्रकाश का मुख्य स्रोत
- शौचालय की सुलभता और प्रकार
- स्नानघर की सुविधा
- रसोई एवं गैस कनेक्शन
- खाना पकाने का ईंधन

धारित परिसंपत्तियां
- रेडियो/टेलीविजन
- इंटरनेट/कंप्यूटर
- मोबाईल फोन
- दोपहिया/चारपहिया वाहन

1. 1 मई से 30 मई, 2026 के दौरान प्रगणक आप के घर आने पर
❖ यदि आपने स्व-गणना की है, तो प्रगणक के साथ SE ID साझा करें।
❖ यदि आपने स्व-गणना नहीं की है, तो प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों का सही उत्तर देवें।
2. आपकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी
❖ नाम-पता किसी को नहीं दिया जाता
❖ टैक्स, पुलिस या जांच में उपयोग नहीं
गर्व से कहें - मेरी गणना देश की ताकत
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1855
जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusMP2027
म.प्र. माध्यम/125602/2026


### पुलिस ने अंधे हत्या कांड का किया खुलासा, आरोपियों को न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

## शराब के लिए दोस्तों ने दोस्त को उतारा मौत के घाट



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा /चौरई,04 मई. चौरई थाना क्षेत्र में शराब नहीं मिलने पर दोस्तों में आपस में विवाद दोस्तों में विवाद हो गया। इस विवाद के चलते दो दोस्तों ने मिलकर अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। इस अंधे हत्याकांड का पुलिस ने खुलाया कर दिया है।** पूछताछ में आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### यह है मामला

पुलिस को 29 अप्रैल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सीतापार के आगे मोरखा रोड पर रोड के किनारे संदिग्ध मृत अवस्था में पडा हुआ है। सूचना मिलते की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान अखिलेश उर्फ हनुमान शर्मा निवासी गुरैया के रूप में की गई। मृतक के शरीर में चोट के निशान थे। जो प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत हो रही थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी श्रीमति भारती जाट के नेतृत्व में टीम गठित कर टीआई मोहन सिंह मर्सकोल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अंधे हत्या के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश दिये गये थे।

### ऐसे हुआ हत्या का खुलासा

29 अप्रैल की रात्रि 12.00 बजे करीब मृतक अखिलेश उर्फ हनुमान शर्मा जो आरोपी राजिक भाट, राहुल विश्वकर्मा का दोस्त था। रात्रि में सीतापार रोड शराब भट्टी के पास मृतक अखिलेश एवं आरोपी मिले। शराब दुकान बंद हो चुकी थी। शराब न मिलने से मृतक के साथ आरोपियों का विवाद हो गया। अखिलेश को मोटर साईकिल में बैठाकर कच्ची शराब पीने के लिये मोरखा जा रहे थे। रास्ते में सीतापार के समीप अखिलेश फिर से विवाद करने लगा। मोटर साईकिल रोककर अखिलेश को बोले कि तू लेट आया और विवाद कर रहे हो। आरोपी राहुल ने अखिलेश को पकड़ा और राजिक भाट ने रोड किनारे पडा पत्थर उठाकर अखिलेश के सिर पर दे मारा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पूछताछ में आरोपियों से हत्या करना स्वीकार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त सामग्री और मोटर साइकल जब्त कर ली है। आरोपियों को न्यायाल में पेश कर जेल भेज दिया।

### इनकी रही महत्व पूर्ण भूमिका

इस पूरे मामले में निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, प्र.आर. 696 गोपाल साहू, आर 154 राजकिशोर बघेल, आर.850 राजपाल बघेल आर. 687 कन्हैया सनोडिया, आर. 424 रोहित ठाकुर एंव सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589